ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020) 26127951, 26123680 रेलवे – 55222, 55862
छात्रावास – डी ओ टी (020) 26130579, 26126816, 26121669 रेलवे – 53101, 53102, 253103
फैक्स: 020-26128677 रेलवे: 55860
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 21 अंक – 82 जुलाई – सितंबर 2017

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

सभी पाठकों को इरिसेन परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

इस अंक में

1. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह एवं राजभाषा कार्या. समिति की 136 वीं बैठक का आयोजन
2. मुख्य सामान्य इंजीनियर / मुख्य इंजीनियर (कार्य) / मु.प्ला.एवं डि. इंजी. का सेमिनार
3. राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला
4. संस्थान में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन
5. संस्थान में इंजीनियर्स – डे का आयोजन
6. भारतीय रेल इंजी. सेवा बैच 2016 का परिचय
7. पदोन्नति
8. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
9. स्वागत/विदाई
10. श्रद्धांजली
11. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

1. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 136 वीं बैठक का आयोजन

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे में दिनांक 14 सितंबर (हिंदी दिवस) से 20 सितंबर, 2017 तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया। 14 सितंबर, 2017 को हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा



कार्यान्वयन समिति की 136 वीं बैठक में श्री अशोक कुमार मिश्र, निदेशक इरिसेन, पुणे ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। बैठक के दौरान निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि आत्म सम्मान तभी अनुभव होगा जब हम राजभाषा को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर राष्ट्रप्रेम जागृत करेंगे राजभाषा के प्रति प्रेम – राष्ट्रप्रेम जागृत होना चाहिए – यह सबसे श्रेष्ठ स्तर का व्यक्तित्व होने का प्रमाण है। राजभाषा में कार्य करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।



उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं बैठक के उपाध्यक्ष श्री अनिल कुमार पटेल ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी दिवस एवं राजभाषा सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर सभी का स्वागत किया।

दिनांक 15 सितंबर को प्रश्न मंच का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकरी गण एवं इरिसेन के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दिनांक 20 सितंबर, 2017 को राजभाषा सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कार वितरण एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया । हास्य व्यंगात्मक कविताओं द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं को भी दर्शकों के समक्ष रखा।

संरक्षक
अशोक कुमार मिश्र
निदेशक
भा.रे.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
अनिल कुमार पटेल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक, रेलपथ – 1

संपादक
राजू पाल
कनिष्ठ अनुवादक

संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोजेक्ट श्री राजेश कुमार शेखावत, सह प्राध्यापक – रेलपथ –1 श्री राजेन्द्र कुमार कठल, वरिष्ठ अनुदेशक / कार्य – 1 श्री अनंत दसरे एवं खलासी श्री अफजल निजामी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत



की। सभी कार्यक्रमों में अधिकारी वर्ग, प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्थान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे टिप्पण आलेखन, निबंध, वाक् एवं श्रुतिलेखन इत्यादि में भाग लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष –2016 में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु



अधिकारी वर्ग में श्री शैलेंद्र प्रकाश, सहा.ग्रंथालय एवं सूचना अधिकारी, श्री प्रवीण रासकर, वरिष्ठ लिपिक, श्री अशोक तुकाराम, खलासी को पुरस्कृत किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में श्री संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ तकनीकी सहायक प्रथम, एवं श्री जनार्दन प्रसाद, वरिष्ठ अनुदेशक, द्वितीय तथा श्री राजेन्द्र कुमार कठल, सह. प्राध्यापक– रेलपथ तृतीय स्थान पर रहे।

वाक् प्रतियोगिता में श्री अनंत दसरे, वरिष्ठ अनुदेशक – कार्य–1, प्रथम, श्री सुनील पोफले, वरिष्ठ अनुदेशक – कार्य 2 द्वितीय तथा श्री बी.जी. घाटे तृतीय रहे। टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता में श्री आनंद कांबले, कार्यालय अधीक्षक, प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर श्री रोहिदास जागडे, ग्रंथालय एवं सूचना सहायक तथा तृतीय स्थान पर श्री हरीश त्रिवेदी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक रहे। हिंदी श्रुति लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्री शैलेंद्र प्रकाश, सहा.ग्रंथालय एवं सूचना अधिकारी एवं द्वितीय स्थान पर श्रीमती लता श्रीधर, निजी सचिव तथा तृतीय स्थान पर श्री अफजल अली निजामी, खलासी रहे। हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिंदी टायपिंग परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर श्री विजय पवार, खलासी को हिंदी शिक्षण योजना द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। साथ ही हिंदी पारंगत पाठ्यक्रम परीक्षा 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण करने पर श्री अरूण ढमाले, खलासी को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रेलवे बोर्ड के अनुदेशानुसार एक नई प्रतियोगिता 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का आयोजन संस्थान स्तर पर किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में श्री अफजल अली निजामी, खलासी प्रथम, एवं श्री ए.ए.निजामी, वरिष्ठ अनुदेशक, (कंप्यू.) द्वितीय तथा श्री राजदीप शर्मा, वरिष्ठ अनुदेशक–रेलपथ 3, तृतीय स्थान पर रहे। वाक् प्रतियोगिता में श्री राजेन्द्र कुमार कठल, सह. प्राध्यापक– रेलपथ प्रथम, श्री अफजल अली



निजामी, खलासी द्वितीय तथा श्री संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ तकनीकी सहायक एवं कौशल कुमार सिन्हा, जू.इंजी. / विलासपुर संयुक्त रूप से तृतीय रहे तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में श्री अफजल अली निजामी, खलासी प्रथम स्थान पर रहे।

2. मुख्य सामान्य इंजीनियर / मुख्य इंजीनियर(कार्य) / मु.प्ला.एवं डि. इंजी. का सेमिनार

इरिसेन में दिनांक 07 एवं 08 सितंबर, 2017 को मुख्य इंजीनियर /सामान्य का सेमिनार आयोजन किया गया। निदेशक इरिसेन श्री अशोक कुमार मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया। सेमिनार के दौरान



निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए । ''न्यू वाटर पॉलिसी एंड इट्स इम्पलिमेंटेशन'', द्वारा RDSO, ''रेलवे हेरिटेज अंडस्टेंडिंग एंड रोल ऑफ जोनल रेलवे'', द्वारा INTACH, ''ग्रीन बिल्डिंग कन्सेप्ट, न्यू कन्सट्रक्शन एंड स्टेप टू बी टेकन फॉर ग्रीन बिल्डिंग, वर्तमान बिल्डिंग के लिए रेटिंग'', द्वारा गुंजन श्रीवास्तव इत्यादि। इस सेमिनार में कुछ मदों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

3. राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला

दिनांक 25 एवं 26 सितंबर 2017 को राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला का आयोजन किया गया। रेल सेवा के सभी विभाग के अधिकारी ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया। दिनांक 25.09.2017 को अपर सदस्य / कार्य श्री अजित पंडित इस सेमिनार में उपस्थित हुए। सर्व प्रथम पिछले कार्यशाला की पुनर्रावृत्ति की गई पश्चात कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए :– स्टेट (JV) : ''भूमि अधिग्रहण विकल्प एवं कार्यप्रणाली'', द्वारा श्री संजय रस्तोगी, प्रबंध निदेशक / CRCL, ''स्टैंडर्ड ईपीसी डाक्यूमेंट एंड यार्ड स्टिक फॉर डीपीआर'', द्वारा श्री संजय खरे, वरिष्ठ प्राध्यापक/ इरिसेन, ''अल्टरनेट फायनासिंग आप्शनस'', द्वारा



सुश्री नमिता मेहरोत्रा, का.निदेशक/FRM, ''मॉडल कन्सेशन एग्रीमेंट ऑफ JV'' द्वारा श्री गगरिन, निदेशक KRIDE, ''JV प्रोजेक्ट की मंजूरी:– प्रोसिजर एंड रोल ऑफ जोनल रेलवे, आरडीएसओ एंड रेलवे बोर्ड द्वारा श्री संजय रस्तोगी, प्रबंध निदेशक / CRCL श्री राजेश अग्रवाल, प्रबंध निदेशक / JV इत्यादि।

4. भारतीय रेल इंजी. सेवा बैच 2016 का परिचय

दिनांक 31 जुलाई, 2017 को नवागंतुक भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के 2016 बैच के परिवीक्षार्थियों के लिए संस्थान के संकाय से परिचय का सत्र रखा गया था। इस सत्र में संस्थान के निदेशक श्री अशोक कुमार मिश्र ने परिवीक्षार्थियों को संबोधित किया और रेल के कार्यों से संक्षिप्त परिचय कराया। उपस्थित सभी संकाय सदस्यों से भी परिवीक्षार्थियों को परिचित कराया गया और वातावरण सहज बनाने के लिए उनसे प्रश्न भी पूछे गए।

5. संस्थान में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

संस्थान में दिनांक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। श्री अशोक कुमार मिश्र, निदेशक/इरिसेन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत निदेशक महोदय ने उपस्थित सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की





शुभकामनाएं दी। संस्थान के प्रागंण में इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। तदुपंरात खेल प्रतिस्पर्धा का कार्यक्रम रखा गया। खेलकूद के कार्यक्रम में रस्साकसी, लेमन स्पून, बच्चों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन



किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन हुआ। सभी कार्यक्रमों में संकाय सदस्य गण, प्रशिक्षु अधिकारी गण, परिवीक्षार्थियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

6. संस्थान में इंजीनियर्स – डे का आयोजन

भारतरत्न स्वर्गीय श्री एम. विश्वेसरैया एक महान इंजीनियर थे और उनकी गिनती महान विद्वान व्यक्तियों में होती थी। उनका जन्म 15 सितंबर, 1960 को कर्नाटक के कोलार जिले के मुद्देनहली गांव में हुआ था। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वे पारंगत थे, उनकी याद में 15 सितंबर को इंजीनियर्स – डे को मनाया जाता है।



भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान में भी 15 सितंबर, 2017 को स्वर्गीय श्री एम. विश्वेसरैया जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके स्मरण में संस्थान के निदेशक श्री अशोक कुमार मिश्र, ने श्रद्धासुमन स्वरुप उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। स्वर्गीय श्री एम.विश्वेसरैया को श्रद्धासुमन समर्पित करने के लिए संस्थान के सभी संकाय सदस्य तथा प्रशिक्षु अधिकारी गण उपस्थित थे।

7. पदोन्नति



संस्थान में कार्यरत श्री शैलेंद्र प्रकाश, ग्रंथालय एवं सूचना सहायक की पदोन्नति (समूह 'ख') सहायक ग्रंथालय एवं सूचना अधिकारी के पद हुई। दिनांक 20 मई, 2017 को आपने सहायक ग्रंथपाल एवं सूचना अधिकारी का पद भार ग्रहण कर लिया है। संस्थान आपका अभिनंदन करता है।



संस्थान में कार्यरत श्रीमती नेहा सप्तर्षि, ग्रंथालय एवं सूचना सहायक की पदोन्नति (समूह 'ख') सहायक ग्रंथालय एवं सूचना अधिकारी के पद हुई। दिनांक 22 मई, 2017 को आपने सहायक ग्रंथपाल एवं सूचना अधिकारी का पद भार ग्रहण कर लिया है। संस्थान आपका अभिनंदन करता है।

8. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र. सं.	पाठ्यक्रम सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1	17434	एनटीपीसी इंजीनियरों के लिए ट्रैक एवं ब्रिज अनुरक्षण	09.10.17	13.10.17
2	17439	आरवीएनएल के मध्य प्रबंध लेवल के अधि.	09.10.17	13.10.17
3.	17710	आईआरएसएमई परिवीक्षार्थियों के लिए जागरूकता पाठ्यक्रम	09.10.17	13.10.17
4.	17312	इरिसेन दिवस सेमिनार	30.10.17	01.11.17
5.	17878	रेल व्हील इंटरेक्शन एवं डिरेलमेंट इनवेस्टीगेशन	06.11.17	16.11.17
6.	17883	मेकेनाइज्ड ट्रैक अनु. एवं नवीकरण	27.11.17	07.12.17
7	17310	मुख्य पुल इंजी. का सेमिनार	07.12.17	08.12.17
8	17011	आईआरएसई तैनाती परीक्षा (2015 परीक्षा)	11.12.17	15.12.17
9	17431	एनटीपीसी इंजीनियरों के लिए रेलवे साइडिंग पर	11.12.17	15.12.17
10	17401	पीपीपी एवं ईपीसी पर कार्यशाला	26.12.17	29.12.17

9. स्वागत/विदाई



श्री भावेश कुमार झा, प्राध्यापक / रेलपथ–2 एवं संकाय अध्यक्ष/सीनियर सुपरवाइजर प्रशिक्षण विंग ने दिनांक 08 अगस्त, 2017 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप नागपुर में वरिष्ठ मंडल इंजी.(समन्वय) के पद पर कार्यरत थे। श्री झा भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के 1996 बैच के अधिकारी हैं। आपने सहायक मंडल इंजीनियर/बैतुल/ नागपुर मंडल से रेल सेवा में कैरियर की शुरुआत की। तदुपरांत आप कार्यकारी इंजीनियर (ब्रि. एवं फ्लडस) मनमाड़, उप मुख्य इंजी/ आरओबी/ भुसावल, प्रतिनियुक्ति पर एमआरवीसीएल, उप मुख्य इंजीनियर/ ब्रिज/ मुख्या./ मध्य रेल , इत्यादि पदों पर कार्य किया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



श्री अजय घोष, सहा प्राध्यापक/कार्य ने दिनांक 02 अगस्त, 2017 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप चैन्नई, इंटीग्रल कोच फैक्टरी, में सहा.का.इंजी./FUR/ के पद पर कार्यरत थे। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



संस्थान के प्राध्यापक कार्य **श्री गौतम बिरहाडे** का स्थानांतरण मुख्य परियोजना प्रबंधक / महामेट्रो के पद पर हुआ है। आप दिनांक 21 अगस्त, 2017 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए। संस्थान आपके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



संस्थान में कार्यरत **श्रीमती नेहा सप्तर्षि,** सहायक ग्रंथालय एवं सूचना अधिकारी की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 जुलाई, 2017 को हुई । सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और ढेर सारी शुभकामनाएं देता है।



संस्थान में कार्यरत **श्रीमती सुनिता देशपांडे,** लेखा सहायक की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 सितंबर,2017 को हुई । सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और ढेर सारी शुभकामनाएं देता है।

10. श्रध्दांजली

श्री गौतम गुंडा



संस्थान में तकनीशियन के पद पर कार्यरत गौतम गुंडा का 08 जुलाई, 2017 को बीमारी के कारण निधन हो गया। उन्होंने लगभग 25 वर्षों तक इरिसेन की सेवा बड़ी तत्परता एवं लगन से की। सेवा के प्रति उनकी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा अविस्मरणीय रहेगी। उनके इस दुखद देहावसान पर इरिसेन परिवार उनको श्रद्धासुमन अर्पित करता है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने करने की शक्ति के लिए प्रार्थना करता है।

11. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र सं. 17101 - समेकित पाठ्यक्रम

प्रथम



अशोक कुमार काकीनाड़ा
सहा. मंडल इंजी./
काजीपेट/दक्षिण मध्य रेल

द्वितीय



जी. सर्वनन
सहा.कार्य. इंजी./
एमटीपी./चैन्नई/द. रेल

तृतीय



एस. रमेश
सहा. मंडल इंजी./
एनडब्ल्यु एल/चैन्नई/द. रेल

जो पुरूषार्थ नहीं करते उन्हें धन, मित्र, ऐश्वर्य, सुख, स्वास्थ्य, शांति और संतोष भी प्राप्त नहीं हो सकते । – वेद व्यास

अनिल कुमार पटेल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ–1, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित

Design & Printed By Kalyani Corporation, Pune-30. Tel. 24486080